
BHOPAL DIVISIONAL OPHTHALMIC SOCIETY
&
RKDF MCH & RC, BHOPAL
Presents
Nukkad Natak
Glaucoma Awareness
by students OF RKDF Medical College
जब बात हो नज़र की, तो ना करो नज़रअंदाज। इसी
बात को समझाने हम सब एकत्रित हुए हैं आज।
BOAT CLUB, VANVIHAR ROAD, BHOPAL
10TH
MARCH
8AM
SPONSERED BY- AJANTA PHARMA, SUN PHARMA, MICROVISION



BOOK PALACE
A Book Worm's Paradise
Books & Stationery
दवाईयाँ
NEW PATIDAR MEDICAL STORE
दवाइयाँ
AKASH MEDICAL
Dreamland
Hair Dressers
Ph - 0755-2420052
नुक्कड़ नाटक

# ग्लूकोमा के कारण-लक्षण और बचाव के बताए उपाय

## विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर नुक्कड़ नाटक और ग्लूकोमा वॉक सहित अन्य गतिविधियां आयोजित

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in




विश्व ग्लूकोमा सप्ताह में राजधानी सहित प्रदेशभर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। शिविरों में नेत्र परीक्षण किया। भोपाल डिवीजनल ऑप्थेल्मिक सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र चावला एवं सचिव डॉ. वसुधा दामले ने बताया कि शनिवार को आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज के सहयोग से 10 नंबर मार्केट पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसमें नेत्र रोग विशेषज्ञों एवं स्टूडेंट्स ने लोगों को ग्लूकोमा के कारण, लक्षण और उससे बचाव के उपाय बताए। पंपलेट के जरिए लोगों को ग्लूकोमा की प्रति जागरुक किया। डॉ. गजेंद्र चावला ने बताया कि ग्लूकोमा जन जागरुकता अभियान में पहले दिन वन विहार रोड पर ग्लूकोमा वॉक आयोजित की। 20 से अधिक हॉस्पिटलों में शिविर लगाकर ग्लूकोमा की निःशुल्क जांच की और जागरूक किया।

**सेवा सदन अस्पताल ने रैली निकाली:** संत हिरदाराम नगर के सेवा सदन नेत्र अस्पताल द्वारा लालघाटी चौराहे तक ग्लूकोमा जागरूकता रैली और कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें कर्मचारियों, डॉक्टर्स, आप्टोमेट्रिस्ट, गणमान्य लोगों ने भाग लिया। उन्होंने रैली में 'ग्लूकोमा भगाना है' के नारे लगाए तथा मोमबत्तियां हाथों में लेकर सभी चले। ट्रस्टी तुलसी आडवानी, ग्लूकोमा विशेषज्ञ डॉ. समता पटेल और डॉ. सपना प्रशांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक कुशल धमार्नी, भारती जनियानी, अनुशा तिवारी डॉ. नेहा, डॉ. संजीती और डॉ. प्रीति ने संबोधित किया।

## बीएचईई-थ्रिप सोसायटी की रही हंगामेदा

भेल। बीएचईई-थ्रिफ की प्रबंधकार्यकारिणी बैठक सभाकक्ष में हु निर्णय के बारे में अ बताया कि भेल का आखिरी महीना होने से अप्रैल के प्रथम सप्ता के बहुप्रतीक्षित उपहा के वेट एंड ड्राई वै मिलेंगे। डायरेक्टर दी बताया कि सदस्यों के निर्णय न होने से बैठ रही। उपाध्यक्ष रा निशा वर्मा, संचाल सोनी, राजमल बैराग चौबे, राजकुमार इड़ कुमार नंदा, किरण, एवं कमलेश नागपुरे

## मंदिर में भगवान चंद्रप्रभ का मोक्ष कल्याणक मनाया

## दुष्यंत संग्रहालय में सम

दैनिक भास्कर

भोपाल 17-03-2024

# नुक्कड़ नाटक कर ग्लूकोमा के लिए किया जागरूक



भोपाल| भोपाल डिवीजनल ऑफ्थेल्मिक सोसाइटी ने जन-जागरूकता अभियान चलाया है। इसके तहत ग्लूकोमा (कांचबिंद) के प्रति लोगों में जागरूकता किया जा रहा है। इसकी कड़ी में शनिवार को 10 नंबर मार्केट में निजी कॉलेज के मेडिकल छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक किया।

सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर गजेंद्र चावला ने बताया कि ग्लूकोमा आंखों की ऐसी बीमारी है, जिसमें आंखों पर दबाव बढ़ जाता है। नस सूखने लगती है और देखने की क्षमता कम हो जाती है। ग्लूकोमा के लक्षण 40 की उम्र के बाद आंखों में दर्द, सिरदर्द, बदलता हुआ चश्मे का नंबर जैसे कारण हैं। लंबे से स्टेरॉइड्स लेने वाले और डायबिटीज मरीजों को ग्लूकोमा का खतरा अधिक होता है। इस दौरान सोसाइटी की सचिव डॉक्टर वसुधा दामले और क्लिनिकल सेक्रेटरी डॉक्टर हरपाल सिंह मौजूद रहे।

...लिए इआरएएस ...ोकॉल के महत्व पर प्रकाश डाला।

...निदेशकों की एक टीम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति थे।




# नुक्कड़ नाटक से ग्लूकोमा के प्रति मरीजों को किया जागरूक

भोपाल। मार्च में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मरीजों को ग्लूकोमा के प्रति जागरूक बनाना है। इसी तारतम्य में भोपाल डिविजनल ओप्थेल्मिक सोसायटी द्वारा ग्लूकोमा जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें 10 मार्च को वन विहार रोड पर ग्लूकोमा वॉक और भोपाल के 20 से अधिक आई हॉस्पिटल में ग्लूकोमा निःशुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर लगाए गए। शनिवार को भोपाल डिविजनल आप्थेल्मिक सोसायटी द्वारा एवं आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज के सहयोग से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन 10 नंबर मार्केट में किया गया, जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञों एवं स्टूडेंट्स द्वारा ग्लूकोमा के बारे में सामान्य जन को जानकारी दी गई साथ ही पंपलेट वितरण कर ग्लूकोमा की प्रति जागरूक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जन सामान्य ने लाभ लिया। भोपाल डिविजनल आप्थेल्मिक.सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र चावला एवं सचिव डॉ. वसुधा दामले ने आभार व्यक्त किया।


BOOK PALACE
A Book Worm's Paradise
RIDA BOUTIQUE
MEDICAL STOP
दवाईयाँ
AKASH MEDICAL
G.N. TRADERS
Dreamland
Hair Dressers
OPPO
भोपाल डिवीजनल ऑफ्थेल्मिक सोसायटी
एवं आर.के.डी.एफ. मेडिकल कॉलेज द्वारा


BOOK
PALACE
A Book Worm's Paradise
दवाइयाँ
AKASH
MEDICAL
G.N.TRADERS
Dreamland
Hair Dressers
oppo
JK MOBILE



+ दवाईयाँ +
NEW PATIDAR MEDICAL STORE
ABOVE
BOOK PALACE
A Book Worm's Paradise
Books & Stationery
दवाइयाँ
AKASH MEDICAL
नुक्कड़ नाटक
Dreamland
Hair Dressers
Ph - 0755-2420052
X100

